तापमान
अधिकतम 35 .3 डिग्री
न्यूनतम 14 .2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 6 नवंबर, 2025

12 डेढ़ करोड़ की लागत से विकास योजनाओं का शुभारंभ



12 चातुर्मास सिर्फ परंपरा नहीं बल्कि साधना की जीवनशैली



## खबर संक्षेप

### अंबाला क्लब में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**अंबाला।** अंबाला शहर के अंबाला क्लब में बुधवार सुबह अचानक आग लग गई। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग क्लब के रिसेप्शन के साथ लगते मैनेजर रूम में लगी, जिससे कमरे में रखा फर्नीचर, डीवीआर, म्यूजिक सिस्टम और एलसीडी जलकर राख हो गए। सिक्योरिटी गार्ड लक्की सिंह बिल्डिंग खोलने पहुंचा तो उसने मैनेजर रूम की खिड़की से धुआं और आग की लपटें निकलती देखीं। उसने तुरंत दूसरे सिक्योरिटी गार्ड को बुलाया और क्लब में मौजूद फायर इंस्ट्रूमेंट से आग पर काबू पा लिया।लक्की सिंह ने बताया कि अगर आग पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया जाता तो नुकसान और भी बड़ा हो सकता था।

### बायोमैट्रिक से हाजिरी में आ रही परेशानी

**जींद।** बायोमैट्रिक मशीन से खिलाड़ियों को हाजिरी लगाने में परेशानी आ रही है। तकनीकी खामियों के चलते मशीन से खिलाड़ियों की हाजिरी अपडेट नहीं हो पा रही है। इससे खिलाड़ी व कोच परेशान हैं। कोच व खिलाड़ियों का कहना है कि बायोमैट्रिक मशीन से हाजिरी लगाने में ज्यादा समय लग जाता है। कई बार सभी खिलाड़ियों की हाजिरी मशीन से लग भी नहीं पाती। जिससे खिलाड़ियों की प्रैक्टिस भी बाधित होती है।

## श्रद्धापूर्वक मनाया गया श्री गुरु नानक देव का प्रकाशोत्सव

# गुरु नानक देव ने सामाजिक कुरीतियों पर किया वार : विज

*ऊर्जा और परिवहन मंत्री अनिल विज बोले, एक पंक्ति में बैठकर लंगर खाने की परंपरा गुरु नानक देव ने ही चलाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- विज ने पंजाबी गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका व सभी को पावन अवसर पर शुभकामनाएं दी

उर्जा, परिवहन मंत्री अनिल विज ने पहली पातशाही श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य पर सुबह पंजाबी गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका व सभी को पावन अवसर पर शुभकामनाएं दी। गुरुद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम में विज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुत शुभ दिन है।

गुरू नानक देव ने अपनी शिक्षाओं से सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने के लिए बहुत बड़ा काम किया है। उन्होंने कीरत करो, वंड छको, एक साथ छोटे-बड़े खाओ, बिना जातपात के खाओ एक बहुत बड़ा अभियान शुरू किया। इसी प्रकार से अच्छे और बुरे पैसों से कमाई संपत्ति के बारे में उन्होंने भाई लालो और भाई मलिक भागो की कहानी सुनाकर समाज को बताया। उन्होंने कहा कि सिख पंथ के पहले गुरू नानक देव का प्रकाश हुआ। जिस समय उनका प्रकाश धरती पर हुआ तो उस समय धरती काफी रूढ़ीवादी विचारों में फंसी व झूठ में लिपटी हुई थी। गुरू नानक देव ने इन सब चीजों से लोगों को खबरदार किया और समझाया कि यह रूढ़ीवादी हमारे धर्म के अनुसार नहीं है। उन्होंने बहुत सारी शिक्षाएं हमें दी। कीरत करो वंड छको, सच्ची ईमानदारी से काम करो बताया। उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि लोग अपने काम धंधे छोड़ सब भगवान की पूजा में लग जाएं। उन्होंने कहा कि कर्म करो और एक साथ बैठकर खाओ। एक पंक्ति में सभी बैठकर लंगर की जो परंपरा चली आ रही है वह गुरू नानक देव ने ही चलाई थी। विज ने कहा कि भाई लालो व भाई मलिक भागो की कहानी भी बहुत सुनाई जाती है। भोजन रखा गया और दोनों ने गुरू नानक देव से कहा हमारे घर खाओ। मगर गुरू नानक देव ने जो गरीब भाई लालो के घर भोजन खाया क्योंकि वो उसकी मेहनत की कमाई का था जबकि दूसरे भाई की कमाई को उन्होंने ठीक नहीं कहा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि गुरू नानक देव ने जगह-जगह कल्याण के कई कार्य किए और विश्व का दौरा किया। दूर जाकर ज्ञान की रोशनी से सभी को रोशन किया।



**अंबाला।** पंजाबी गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकते मंत्री अनिल विज।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर नगर परिषद के उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के उपप्रधान गुरुविंद्र सिंह सेठी, कोषाध्यक्ष सरदार कुलवंत सिंह, जनरल सचिव मनिंद्र सिंह बिंद्रा, अमरप्रीत सिंह, हरविंद्र सिंह नीटू, सुदर्शन सहगल, संजीव सोनी, रणजीत सिंह, जसबीर सिंह जस्सी, रवि बुद्धिराजा, राजा, आशीष अग्रवाल, केपी सिंह, प्रवेश शर्मा, बलित नागपाल, बलकेश वत्स, नरेश, मदनलाल शर्मा, अनिल बहल, राजेंद्र सिंह, दीपक भसीन भी मौजूद रहे।

### संगत के बीच बैठकर गुरु का लंगर भी छका

इससे पहले मंत्री अनिल विज ने पंजाबी गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान कुलजीत सिंह बेदी, पूर्व प्रधान बीएस बिंद्रा व अन्य ने उन्हें सिरोपो व कृपाण भेंट की। मंत्री विज ने संगत के बीच बैठकर गुरू का लंगर भी खाया।

# ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से कार चालक की हुई मौत

- छछरौली सरकारी स्कूल के पास हादसा, पत्नी व बेटा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

छछरौली सरकारी स्कूल के पास ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से कार चालक की मौत हो गई। हादसे में मृतक की पत्नी व बेटा घायल हो गए। इनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव काटड़ा निवासी राजबीर सिंह ने बताया कि उसकी बहन पांसरा निवासी कमलेश अपने पति सुरेंद्र 55 वर्षीय व बेटे आकाश के साथ उनके घर मिलने के लिए आई थी। देर शाम जब वह छछरौली सरकारी स्कूल के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में उसकी बहन, जीजा व भांजा घायल हो गए। इसके बाद आरोपी चालक ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर मौके से फरार हो गया। लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसके जीजा सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसकी बहन व भांजा का इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कर लिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### बुजुर्ग के सिर पर टहना गिरने से मौत

*यमुनानगर । पावंटा साहिब से माथा टेक लौट रहे गांव फेजपुर के पास पावंटा साहिब गुरूद्वारे से माथा टेककर वापस लौट रहे पानीपत निवासी 71 वर्षीय बलबीर के सिर पर पेड़ का टहना गिरने से मौत हो गई। मृतक के परिचित महेंद्र सिंह ने बताया कि बलबीर सिंह पड़ोस में रहने वाले अपने भतीजे संजय के साथ पावंटा साहिब गुरूद्वारा से माथा टेकने के लिए गया था। संजय बाइक चला रहा था जबकि बलबीर पीछे बैठा था। जब वह गांव फेजपुर के पास पहुंचा तो सड़क किनारे लगे पेड़ का एक टहना पीछे बैठे बलबीर के सिर पर गिरा। जिससे वह बेहोश होकर संजय के कंधे पर झुक गया। संजय को इस हादसे के बारे में कुछ पता नहीं चला। ऐसे में किसी राहगीर ने संजय को रोककर बताया कि उसके पीछे बैठे बुजुर्ग के सिर से खून निकल रहा है। संजय ने जैसे ही पीछे देखा तो बलबीर घायल था। उसने तुरंत इसकी सूचना डायल 112 पर दी। थोड़ी ही देर में पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायल को नजदीकी सिविल अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।*



मृतक बलबीर का फाइल फोटो।

# हरियाणा ओलम्पिक संघ ने नया अध्याय शुरू किया : मंत्री पंवार



**कुरुक्षेत्र।** खिलाड़ियों को सम्मानित करते हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार। *फोटो : हरिभूमि*

- कबड्डी के खिलाड़ियों को मेडल देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि हरियाणा के खेल इतिहास में हरियाणा ओलम्पिक संघ ने एक नए अध्याय की शुरूआत की है।

इस नए अध्याय के साथ प्रदेश के हजारों खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मुकाम को हासिल करने के लिए एक नया मंच मिला है। इसके लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जितनी तारिफ की जाए वह कम है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार बुधवार को सर्किट हाउस चौक के पास एक आश्रम में हरियाणा ओलम्पिक संघ की तरफ से चल रही राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, जिला परिषद के उपाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी,सचिव नसीब ने 27वें हरियाणा ओलम्पिक संघ की तरफ से आयोजित महिला व पुरुष कबड्डी खिलाड़ियों से परिचय किया और फाइनल मैच शुरू करवाया।

इस राज्य स्तरीय महिला व पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में सोनीपत की टीम प्रथम, भिवानी द्वितीय, कैथल व रोहतक संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। इसी तरह महिला वर्ग में जींद की टीम प्रथम, चरखी दादरी की टीम द्वितीय और हिसार व भिवानी की टीम संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाली टीम को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

### फैक्ट्री से लाखों रुपये के पटाखे चोरी, केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव छोटा लापरा स्थित पटाखा फैक्ट्री से लाखों रुपये के पटाखे चोरी हो गए। फैक्ट्री मालिक ने गांव के ही एक व्यक्ति पर पटाखे चोरी करने के आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

यमुना गली निवासी रितिक गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव लापरा में पटाखा फैक्ट्री है। वह तीन नवंबर को फैक्ट्री से काम खत्म करके ताला लगवाकर घर आ गई थी। अगले दिन उसे सूचना मिली थी कि फैक्ट्री का ताला टूटा पड़ा है और अंदर से पटाखे गायब हैं। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंची। इस दौरान उसे फैक्ट्री से 15 पेटियां शोट बम्ब पटाखे गायब मिले। जिनकी कीमत करीब एक लाख 35 हजार रुपये है।

# धान खरीद घोटाले में हैफेड के जिला प्रबंधक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में सरकारी धान खरीद में बड़े फर्जीवाड़े का मामला सामने आने के बाद हरियाणा सरकार ने कड़ी कार्रवाई की है। हैफेड के जिला प्रबंधक अमित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

निलंबन आदेश के अनुसार, वेतन एवं भत्ते उन्हें हैफेड कॉमन कैडर नियम 1988 के तहत प्राप्त होंगे और उनका मुख्यालय अब पंचकूला निर्धारित किया गया है। सूत्रों के अनुसार, करनाल और तरावड़ी मंडियों में धान खरीद के दौरान फर्जी गेट पास बनाए गए थे। विभागीय जांच में पाया गया कि मंडी का डेटा सिस्टम बाहरी मोबाइल नंबरों और आईपी एड्रेस से संचालित किया जा रहा था, जिससे सरकारी धान खरीद में करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ। फूड एंड सप्लाई विभाग ने पहले ही चार इंस्पेक्टरों, मंडी सचिव, मार्केट कमेटी सचिव, सुपरवाइज़र और कंप्यूटर ऑपरेटरों पर कार्रवाई की थी। अब हैफेड के जिला प्रबंधक के निलंबन से साफ है कि सरकार इस पूरे मामले को लेकर सख्त रुख अपनाए हुए है। जांच अधिकारियों का कहना है कि अभी और नाम सामने आ सकते हैं तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।



## आरोपी से पिस्टल व 5 रौंद बरामद

# हत्या सहित कई मामलों में वांछित पांच हजार का ईनामी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने हत्या व हत्या का प्रयास सहित कोशिश व कई मामलों में वांछित 5 हजार का ईनामी आरोपी को अवैध असले सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने अवैध असला रखने के तथा कई मामलों में वांछित आरोपी राहुल मलिक वासी मोहननगर जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 1 पिस्टल व 5 जिन्दा रौंद बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक प्रवेश कुमार, संदीप कुमार, सिपाही सतवीर व गाड़ी चालक मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में सन्हित सरोवर कुरुक्षेत्र के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि राहुल मलिक वासी मोहन नगर जिला कुरुक्षेत्र के पास अवैध असला है जो 18 मजिला मंदिर के पास किसी से मिलने के लिए आया हुआ है। अगर 18 मंजिला मंदिर के आस-पास पर पहुंचकर निगरानी की जाए तो राहुल अवैध असले सहित काबू आ सकता है।

सूचना पर पुलिस टीम ने 18 मंजिला मन्दिर पहुंचकर निगरानी शुरू की। थोड़ी देर बाद पुलिस टीम को एक नौजवान लडका 18 मंजिला मंदिर की पार्किंग में घूमता हुआ दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम ने नाजायज असला के शक के आधार पर काबू किया।

### डेढ़ दर्जन मामले दर्ज

अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपी राहुल मलिक वासी मोहननगर के खिलाफ जिला कुरुक्षेत्र के अलग-अलग थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, लड़ाई-झगड़े तथा आर्मज एक्ट जैसे 17 मामले दर्ज हैं। जिनमें 1 मामला हत्या, 7 मामले हत्या का प्रयास तथा 9 मामले आर्म्ज एक्ट सहित अन्य धाराओं में दर्ज हैं। इनमे से कई मामलों में आरोपी की गिरफ्तारी बकाया है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से 2 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया।

# तालाब में मगरमच्छ से ग्रामीणों में दहशत

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा के रुआं गांव के तालाब में मगरमच्छ देखे जाने के बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई। मगरमच्छ के डर की वजह से कोई भी अपने पशुओं को तालाब के पास भी नहीं लेकर जा रहा है। गांव के 2 अलग-अलग तालाब में 2 मगरमच्छ देखे जाने की सूचना है। इनमें एक मगरमच्छ 8 से 10 फुट लंबा बताया जा रहा है, जबकि दूसरे की लंबाई 6 फुट है। ग्रामीणों ने इन मगरमच्छों को पकड़ने के लिए वन्य जीव-जंतु प्राणी विभाग को सूचना दी है। रुआं गांव के अंकित ने सबसे पहले मगरमच्छ को देखा था। गांव के तालाब के साथ ही अंकित की जमीन है। खेत में अंकित पशुओं के लिए चारा लेने गया था, उस समय मगरमच्छ उसके खेत के पास ही मुंह खोलकर धूप सेंक रहा था। अंकित की नजर उस पर पड़ी, तो मगरमच्छ तुरंत तालाब में उतर गया। वन्य जीव- जंतु प्राणी विभाग के कर्मी सुभाष ढुल ने लोगों को तालाब के पास नहीं जाने की हिदायत दी है। साथ ही अपने बच्चों और मवेशियों को भी तालाब से दूर रखें। मगरमच्छ के पकड़े जाने तक पूरी सावधानी बरतना जरूरी है। हालांकि तालाब में मगरमच्छ होने की सूचना से ग्रामीण सतर्क हैं।

# हरियाणा-उत्तरप्रदेश सीमा विवाद फिर भड़का

- यमुना किनारे रास्ते पर दोनों राज्यों का दावा

**करनाल।** हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच यमुना नदी किनारे बने रास्ते को लेकर सीमा विवाद एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। करनाल जिले के अंतर्गत पड़ने वाले इस मार्ग पर दोनों राज्यों ने अपना-अपना दावा ठोक दिया है। मामला अब इतना गंभीर हो गया है कि दोनों राज्यों के प्रशासनिक अधिकारी आमने-सामने आ गए हैं। जानकारी के अनुसार, विवादित क्षेत्र करनाल जिले की सीमा से सटे शामली जिले के गांव शीतलगढ़ी के पास यमुना पुल के आसपास का है। इस रास्ते को लेकर खनन ठेकेदारों के बीच विवाद शुरू हुआ था, जो अब दोनों राज्यों के राजस्व विभागों तक पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश प्रशासन का दावा है कि राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार यह मार्ग गांव शीतलगढ़ी की सीमा में आता है। वहीं, हरियाणा प्रशासन का कहना है कि यह हिस्सा करनाल जिले की सीमा में स्थित है और इस पर यूपी का कोई अधिकार नहीं है। पिछले दिनों इस विवाद को सुलझाने के लिए प्रशासनिक बैठक बुलाई गई थी, परंतु हरियाणा पक्ष के अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं हुए। अब दोनों राज्यों ने मामले को सर्वे ऑफ इंडिया के पास भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह तय होगा कि विवादित भूमि किस राज्य के अधिकार क्षेत्र में आती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यमुना किनारे यह रास्ता लंबे समय से दोनों राज्यों के लोगों के आवागमन के लिए इस्तेमाल होता रहा है, लेकिन खनन गतिविधियों में वृद्धि के बाद से विवाद तेज़ हो गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है ताकि किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो।

## पांच दिवसीय ऐतिहासिक कपाल मोचन मेले का समापन, श्रद्धालुओं ने तीर्थस्थल से खरीदे बर्तन

# आस्था और विश्वास के साथ लाखों श्रद्धालुओं ने किया पूर्ण स्नान

- कार्तिक पूर्णिमा की अर्धरात्रि को जगमगा उठा तीर्थस्थल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

उत्तर भारत के सिंधुवन में स्थित प्रसिद्ध, ऐतिहासिक एवं धार्मिक तीर्थस्थल कपाल मोचन में चल रहे पांच दिवसीय अंतरराज्यीय मेले में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पूर्ण स्नान करने के बाद बुधवार तड़के से श्रद्धालु अपने घरों को लौटने लगे हैं। मेला में लाखों श्रद्धालुओं ने तीनों सरोवरों में स्नान किया और वहां पर स्थित सभी मंदिरों और गुरूद्वारों में पूजा अर्चना की।

पूर्ण स्नान से पहले शाही स्नान का आयोजन किया गया। इसके बाद मेले में आए विभिन्न धर्मो के श्रद्घालुओं ने तीनों सरोवरों में स्नान करने के लिए एक दूसरे का पल्लू पकड़ कर अपनी रक्षा पंक्ति बनाकर एक सरोवर से दूसरे सरोवर में पूर्ण स्नान किया और प्रभु से सुख समृद्धि की कामना की।

कपालमोचन तीर्थ स्थल पर बीती अर्धरात्रि से श्रद्धालु स्नान करने लगे थे। हालांकि पूर्ण स्नान ब्रहममुहूर्त में किया गया। इस दौरान मंदिरों, गुरूद्वारों और पवित्र सरोवरों के घाटों पर प्रशासन द्वारा लगाए गए बल्ब व लडियां काफी मनोहारी लग रही थी। तीर्थ स्थल कपाल मोचन में पूर्ण स्नान के दौरान श्रद्घा, भक्ति और विश्वास का यहां अदभूत नजारा देखने को मिल रहा था। श्रद्धालुओं ने स्नान कर दीप दान किया और मन्नतें मांगी।



**यमुनानगर।** मेले में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पूर्ण स्नान करते श्रद्धालु।

### दूधाधारी बाबा की समाध पर पूजा करने से मन्नत पूरी होने का श्रद्धालुओं को विश्वास

*भगवान सिंह राणा ▶▶| यमुनानगर*

*ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थल कपालमोचन की महिमा निराली है। इसके सरोवरों में स्नान करने से जहां श्रद्धालु मोक्ष की कामना करते हैं, वहीं, सूरजकुंड सरोवर के तट पर बनी दूधाधारी बाबा की समाध काफी चमत्कारी है। मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बुधवार को तीनों सरोवरों में पूर्ण स्नान करने के बाद दूधाधारी महाराज की समाध पर माथा टेका और पूजा अर्चना करके अपनी मन्नत मांगी। ऐसी मान्यता है कि यहां मांगी गई हर मन्नत पूर्ण होती है। इस पवित्र स्थान पर माता कुंती ने सूर्य देव की तपस्या की, जिसके कारण उन्हें पुत्र कर्ण की प्राप्ति हुई। मान्यता है कि अकबर-ए-आजम के शासनकाल के समय तक इस स्थान पर आबादी नहीं थी। केवल जंगल ही था। क्योंकि उस वक्त जनसंख्या कम थी। बताया जाता है कि कपालमोचन तीर्थ के समीप स्थित एक टीले पर झाड़ी के नीचे दूधाधारी बाबा केश्वदास जी तपस्या करते थे। एक दिन अकबर साम्राज्य के परगना साढ़ौरा के काजी फिमूदीन जो कि निसंतान एवं वृद्घ थे, शिकार खेलते हुए पानी की तलाश में यहां आए तो उन्होंने तपस्यालीन महात्मा केशवदास तक पहुंचने का प्रयास किया। लेकिन जैसे ही वे उसके समीप पहुंचे तो अंधे हो गए। मगर जब महात्मा केशवदास ने तपस्या उपरांत आंखे खोली तो कहा कि तुम उनकी समाधि की परिधि के अन्दर आ गए हो, इसलिए कुछ पीछे हट कर अपनी बात कहो। तब काजी जैसे ही पीछे हटे तो उन्हे पुनः दिखाई देने लगा और उन्होंने स्वयं को निसंतान होने की बात कही व संतान की कामना की। इस पर केशवदास जी ने उन्हे एक वर्ष बाद अपनी बेगम सहित आने को कहा। बताया जाता है कि एक वर्ष की अवधि के उपरांत काजी फिमूदीन के घर लड़का पैदा हुआ। जिसे लेकर वह सपरिवार महात्मा केशवदास के पास पहुंचे। उन्होंने केशवदास के आर्शीवाद से तीर्थ स्थल पर श्रीराम मंदिर बनवाया। कहा जाता है कि श्रीराम मंदिर में रोजाना चिराग जलाया जाने लगा और काजी रोजाना चिराग देखकर ही खाना खाने लगे। उन्हीं के वंशज के रूप मे साढ़ौरा में आज भी काजी मौहल्ला आबाद है।*

*इस कारण हिन्दू व सिक्खों के अलावा मुस्लिम धर्म के लोग भी कपाल मोचन तीर्थ एवं मेला के प्रति श्रद्घा रखते हैं। कपालमोचन मेले में हर वर्ष नागा बाबा आकर सूरजकुंड पर दूधाधारी बाबा की समाध के आसपास धूना लगाते हैं। वह मेले के दौरान बाबा की समाध के ईर्द-गिर्द रहकर तप में लीन रहते हैं। इस मेले में भी दर्जनों बाबा धूने पर तप कर रहे हैं।*



यमुनानगर के कपाल मोचन मेले में सूरजकुंड के तट पर स्थित बाबा दूधाधारी की समाध पर पूजा अर्चना करने जाते श्रद्धालु।

### फिरौती मामले का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने फिरौती, हत्या के प्रयास व परिजन एक्ट के मामले में वांछित मुठभेड़ में घायल आरोपी हस्पताल से छुट्टी के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने मुठभेड़ में घायल आरोपी सुखविंदर उर्फ सुखी वासी कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया है।

पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि सुखविंदर सुखी जोकि कई मामलों में वांछित है अवैध हथियार लेकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर अपराध अन्वेषण शाखा-1 के सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार, प्रवेश कुमार, कुलदीप कुमार व साथी मुलाजमान की टीम गठित करके सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस टीम जब नेशनल हाइवे-44 पर स्थित गांव प्रतापगढ़ के पास पहुंची तो पुलिस टीम ने आरोपी सुखविंदर सिंह को देखा।

## खबर संक्षेप

### श्री राम मंदिर सेक्टर-8 में हुआ हवन यज्ञ

**करनाल।** श्री राम मंदिर सेक्टर-8 में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। पंडित हरीश आचार्य ने बताया कि कार्तिक माह की पूर्णिमा अत्यंत शुभ मानी जाती है और इस दिन गंगा स्नान, दीपदान और दान-पुण्य से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम में सुशील मदान और आकाश काठपाल का जन्मदिन भी बड़े धूमधाम से मनाया गया। भजन गायकों वीना सेठ, अनु खट्टर, ऊषा बत्रा, सुशील मदान व अनिल छाबड़ा ने भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### धान घोटाले में सख्त कार्रवाई होगी: लाठर

**घरौंडा।** भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि करनाल धान घोटाले में जो भी अधिकारी संलिप्त पाया गया, उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी और इस कड़ी में कई एफआईआर दर्ज हो चुकी है। उन्होंने दावा जताया कि बिहार में एनडीए की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर बुधवार को स्थानीय नई अनाज मंडी में भाजपा नेता सुरेंद्र जैन की दुकान पर पहुंचे।

### 11 कन्याओं का करवाया जाएगा सामूहिक विवाह

**तरावड़ी।** शिव शक्ति इंटर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड तरावड़ी की ओर से जरूरतमंद परिवारों की 11 बेटियों की शादी धूमधाम और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ करवाई जाएगी। यह भव्य सामूहिक विवाह समारोह 23 जनवरी 2026 को सेलिब्रेशन पैलेस, तरावड़ी में आयोजित किया जाएगा। कंपनी के सीएमडी रमेश गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज के उन परिवारों की सहायता करना है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और अपनी बेटियों की शादी अच्छे तरीके से नहीं कर पा रहे।

### पांच सड़कों के नवीनीकरण कार्य का किया शुभारंभ

**इंद्री।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप ने इंद्री विधानसभा के अंतर्गत आने वाली पांच सड़कों के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ किया । जिसमे लगभग 3.12 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस दौरान विधायक ने बड़ागांव से जयरामपुर रोड, महनमति अपोजिट रोड, चौगांव से खुखनी रोड और सिकंदरपुर अपोजिट रोड के मजबूतीकरण, ब्याना से शाहपुर रोड के चौड़ीकरण व मजबुतीकरण के कार्य का शुभारंभ किया।

### कार्तिक पूर्णिमा पर हुआ हवन यज्ञ

**करनाल।** श्री कृष्ण गोशाला में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर धार्मिक वातावरण में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान विनोद गुप्ता कैलाशी ने परिवार सहित हवन में आहुतियां डालीं। महासचिव राम कुमार गुप्ता ने बताया कि गऊशाला में हर अमावस्या और पूर्णिमा को हवन का आयोजन होता है। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान और दीपदान करने से दस यज्ञों के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। गोशाला में गायों की सेवा, सुरक्षा और उपचार के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं।

## गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया

# मिटी धुंध जग चानन होया जब प्रगट्या गुरु नानक देव जी होया, अटूट लंगर बरता

**दीवान सजाए गए अटूट लंगर बरता गया, रागी ढाडी जत्थों ने गुरु की महिमा का गान किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

सिख पंथ के आदि गुरु नानक देव जी के प्रकाशपर्व परंपरा गत ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर शहर के गुरुद्वारे रंग बिरंगी रोशनी से नहा उठे। सिख धर्मालुओं ने अपने घरों तथा प्रतिष्ठानों पर दीप जलाए। डेरा कार सेवा गुरुद्वारे में गुरमति समागम का आयोजन किया गया। गुरु का अटूट लंगर बरता गया।

गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रपाल सिंह ने बताया कि आज सुबह नौ बजे से गुरुद्वारा डेरा कारसेवा में दीवान सजाया गया। गुरु के आगे नतमस्तक होने के लिए सुबह से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया। यहां पर गुरु का दीवान सजाया। रागी ढडी जत्थे तथा अन्य कीर्तनी जत्थों ने 'मिटी धुंध जग चानन होया जब प्रगट्या गुरु नानक देव जी होया' गुरु की महिमा का गुणगान किया। अटूट लंगर बरता गया। गुरमति समागम में भाई हरपाल सिंह हजुरी रागी जत्था श्री दरबार साहिब, अमृतसर, भाई गुरप्रीत सिंह पौंटा साहिब, ढाडी जत्था भाई जसबीर सिंह, कीर्तन भाई गुलाब सिंह, गरुद्वारा मंजी साहिब पहली पातशाही के हैड ग्रंथी भाई अमृतपाल सिंह, कीर्तनी भाई गुरमेज सिंह, भाई गुरुसेवक सिंह हजूरी रागी गुरुद्वारा माडल टाउन, गुरु की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर गुरु का आशीर्वाद लेने के लिए विधायक जगमोहन आनंद, चेयरमैन मेघा भंडारी, पार्षद संकल्प भंडारी, मेयर रेनू वाला गुप्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता त्रिलोचन सिंह, अशोक खुराना मनमीत सिंह बाबा एसबीएस स्कूल के प्रधान दीवान कुलदीप सिंह चौपड़ा पहुंचे। इनको सिरौपा भेट कर प्रधान वरिंदर सिंह तथा इंद्रपाल सिंह ने सम्मान किया। इस अवसर पर गुरु पर्व प्रबंधे कमेटी के प्रधान वरिंदर सिंह, महासचिव इंद्रपाल सिंह ,रतन सिंह गुरपाल सिंह डोनी, हरप्रीत सिंह नरूला, तेजेंद्र पाल सिंह डिम्पी हरमीत सिंह हैप्पी, तेजेंद्र सिंह डिम्पी,राजेंद्र अरोड़ा पप्पी गुलाब सिंह मूनक एपीएस चौपड़ा, अमन मिड्ढा, राजा मिड्ढा, सर्वजीत सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।






### गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेका

**घरौंडा।** सिख पंथ के आदि गुरु प्रथम पात शाही गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़े ही हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। गुरु पर्व पर पुराने बाजार वाले गुरुद्वारे में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण पहुंचे और गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेक कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना करते हुए सभी को गुरु पर्व की शुभकामनाएं दी। बुधवार को पुराने बाजार वाले गुरुद्वारे में पहुंचने पर सिख संगत ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण व व सभी गणमान्य व्यक्तियों को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा गुरु नानक देव जी के उपदेश हमें प्रेम, समानता और सेवा का मार्ग दिखाते हैं,आओ, उनके बताए रास्ते पर चलकर समाज में भाईचारे का दीप जलाएं।



### गुरुपर्व की संध्या पर नानक की वांणी की गूंज उठी

**करनाल।** आदि गुरु गुरू नानक देव जी के प्रकाश पर्व की संध्या पर एम बी के सी क्लब द्वारा गुरु की वांणी सगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एमबीकेसी के कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज में गुरुओं की वांणी और शबद गायन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आगाज अपनी मधुर आवाज में क्लब की प्रमुख मनिंदर सिंह बब्बू ने शबद गायन प्रस्तुत किया। उनकी आवाज से श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुरुओं की महिमा का गुणगान करने से मन को शांति मिलती हैं। गुरुनानक देव जी ने समाज को नई दिशा प्रदान की। इस अवसर पर विनय छावड़ा ने एक ओंकार निराकार को लेकर शबद गायन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर गुरु का दरबार आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। इस अवसर पर अनिरुद्ध कालड़ा, अवतार सिंह तारी,विजय शर्मा, अंजली शर्मा, पूनम चौधरी, आरपी अत्रेजा, किरण रावल, सुनीताकुकरेजा, अजय जैन, राकेश बंसल, योगिंद्र सिसोदिया, पुष्पा कालड़ा, शिखाा दत्त,नरेश दत्त, गीता छावड़ा, राकेश तलवाड़, प्रदीप शर्मा, सीमा सचदेवा, इंउरपाल सचदेवा, अनीता गुप्ता, जितंद्र पिलानी, राजेश योगी, राजकुमार, प्रदीप त्यागी, विनोद भाटिया, जरनैल सिंह, अरुण थापर, अरुण राजपाल, रंजीता गिल, देवेंद्र अरोड़ा, जगमोहन सिंह, नरेश मदान, अनिल गिरधर, रजनी कुमार, दिलशाद, हरीश वधावन, विश्व जीत सिंह, दिव्सदीप कौर, मंजू सरदाना ने शबद गायन प्रस्तुत किए। क ार्यक्रम के अंत में गुरु का लंगर बरता गया।

### गांव पखाना में गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन, संगत का उमड़ा जनसैलाब, भव्य फूल-मालाओं से हुआ स्वागत, सतनाम वाहेगुरु के जयकारों से गूंजा गांव



तरावड़ी, 5 नवम्बर (राजकुमार खुराना)। श्री गुरू नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गांव पखाना स्थित गुरुद्वारा गरीब निवास में श्रद्धा और भक्ति के साथ नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन की अगुवाई पंज प्यारों ने की, जबकि पूरे आयोजन का नेतृत्व बाबा गुरभजन सिंह ने किया। उनके नेतृत्व में जैसे ही नगर कीर्तन प्रारंभ हुआ, गांव की गलियों में शत श्री अकाल, सतनाम वाहेगुरू के जयकारे गूंज उठे और संगत का जनसैलाब उमड़ पड़ा। नगर कीर्तन में गोल्ड मैडलिस्ट रणजीत कौर खालसा, दलेर कौर खालसा ने गुरू की महिमा का बखान करते हुए संगत को निहाल किया। पूरे मार्ग में जगह-जगह पर संगत ने फूल-मालाओं से नगर कीर्तन का स्वागत किया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। माहौल पूरी तरह से भक्ति रस में डूबा हुआ नजर आया। इस अवसर पर बाबा गुरभजन सिंह ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि श्री गुरू नानक देव जी ने संसार को सच्चाई, सेवा और इंसानियत का मार्ग दिखाया। हमें उनके उपदेशों को जीवन में अपनाकर एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश फैलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरूओं ने हमेशा यह सिखाया कि मनुष्य सेवा और सत्य के मार्ग पर चले तो उसका जीवन सफल होता है। इस पावन अवसर पर बिट्टू पखाना, चरणजीत सिंह बाम्बा, गुरवंत सिंह मान, रणजीत सिंह, हरविंद्र सिंह, कंवल नैन सिंह, शमशेर मल्ली, मनजीत सिंह संधू, दिलेर मल्ली, पूर्व सरपंच रवि संधू, हरपाल सिंह, गुरपेज सिंह संधू, जस्सी साही, शीरा चीमा, रणजीत सिंह विर्क, पूर्व सरपंच कंवल नैन, बलजिंद्र सिंह नंबरदार समेत बड़ी संख्या में गांववासी और संगत मौजूद रही। गांव के लोगों ने बताया कि ऐसे भव्य नगर कीर्तन ने पूरे गांव को गुरू की भक्ति में रंग दिया।



## जीवन में संतुलन, संवाद और सहानुभूति मानसिक रूप से स्वस्थ समाज की नींव: प्रो. डॉ. राजेश मेहरा

- राजकीय महिला महाविद्यालय बसताड़ा में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

राजकीय महिला महाविद्यालय, बसताड़ा में प्राचार्या कमलेश रानी के नेतृत्व व कार्यवाहक प्राचार्या दीपा ढुल के कुशल दिशा-निर्देशन में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज के सभी वर्गों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मानसिक रोगों से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना था। महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य की नोडल अधिकारी शअपूर्वा शर्मा ने राजकीय महाविद्यालय, करनाल से मनोविज्ञान के प्रोफेसर डॉ. राजेश मेहरा, करनाल के सिविल अस्पताल से मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ पूजा और संतोष का स्वागत किया और बताया कि मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही आवश्यक है। जीवन में संतुलन, संवाद और सहानुभूति मानसिक रूप से स्वस्थ समाज की नींव हैं। मनोविज्ञान के प्रोफेसर डॉ. राजेश मेहरा ने मानसिक स्वास्थ्य का अर्थ बताते हुए छात्राओं के साथ उसके मनोवैज्ञानिक,भावनात्मक और सामाजिक घटकों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने अपने वक्तव्य में भावनाओं को सांझा करने पर बल दिया। इस अवसर पर मनोविज्ञान विशेषज्ञ संतोष ने तनाव प्रबंधन,



आत्मविश्वास निर्माण, और सकारात्मक सोच के बारे में बताया। उन्होंने मनोविज्ञान के सत्र के दौरान आत्मरक्षा, मुकाबला करने की सकारात्मक रणनीतियों और मनोवैज्ञानिक बीमारियों के बारे में चर्चा की। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती दीपा ढुल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में आत्म-जागरूकता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने धन्यवाद देते हुए कहा कि हमें मानसिक स्वास्थ्य को लेकर खुलकर बात करनी चाहिए, ताकि हर व्यक्ति निडर होकर सहायता ले सके। कार्यक्रम के अंत में डॉ राजेश मेहरा ने महाविद्यालय को मनोविज्ञान से संबंधित पुस्तकें भेंट की। कार्यक्रम के बाद में छात्राओं के लिए परामर्श सत्र रखा गया।

### बजाज ने फेस्टिव सीजन में 27% बढ़ाई कर्ज वितरण दर

**करनाल।** निजी नॉन-बैंकिंग वित्तीय संस्था बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने इस फेस्टिव सीजन में उपभोक्ता ऋण की मांग में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की है। कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में 27% अधिक कर्ज संख्या और 29% अधिक मूल्य के लोन वितरित किए हैं। 22 सितंबर से 26 अक्तूबर 2025 के बीच कंपनी ने 63 लाख लोन वितरित किए और 23 लाख नए ग्राहक जोड़े, जिनमें से 52% पहली बार औपचारिक क्रेडिट सिस्टम में शामिल हुए। बजाज फाइनेंस के चेयरमैन संजय बजाज ने कहा कि सरकार के जीएसटी सुधारों और आयकर दरों में बदलावों ने उपभोग आधारित अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा दी है। वर्तमान में 11 करोड़ ग्राहकों को डिजिटल और ऑफलाइन चैनलों के माध्यम से सेवा दे रही है और देशभर में 2.39 लाख वितरण केंद्रों के जरिए वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ा रही है।

## जलवायु-स्मार्ट कृषि तकनीकों पर डॉ. दलीप प्रस्तुत करेंगे शोध पत्र

- डॉ . गोसाईं को संगोष्ठी में पोस्टर मूल्यांकन के चेयरपर्सन के रूप में आमंत्रित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक डॉ. दलीप गोसाईं, पूर्व प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान एवं डेयरी प्रशिक्षण केंद्र, आईसीएआर–एनडीआरआई, आगामी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 'कृषि गतिविधियों के माध्यम से कृषि क्षेत्र में कार्बन संचयन में वृद्धि' में अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। यह संगोष्ठी 6-7 नवंबर 2025 को महार्षि मार्कण्डेश्वर (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), मुलाना–अम्बाला में कृषि संकाय एवं जैव-विज्ञान विभाग द्वारा भारत–जापान सहयोग के तहत आयोजित की जा रही है।



डॉ. गोसाईं का शोध 'हरियाणा में जलवायु-स्मार्ट तकनीकों से कार्बन संचयन में वृद्धि' विषय पर आधारित है। इसमें उन्होंने शून्य जुताई, आवरण फसलें, फसल चक्र और जैविक खाद जैसी तकनीकों से मिट्टी में कार्बन भंडारण बढ़ने के प्रमाण प्रस्तुत किए हैं। डॉ. गोसाईं को इस संगोष्ठी में पोस्टर मूल्यांकन के चेयरपर्सन के रूप में भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह अवसर उनके लिए गर्व का विषय है और ऐसे आयोजन जलवायु-स्मार्ट कृषि व सतत खेती को नई दिशा देते हैं।

## गुरु नानक खालसा कॉलेज ने रत्नावली व जोनल यूथ फेस्टिवल में चमकाया नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

गुरु नानक खालसा कॉलेज के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रत्नावली युवा समारोह में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच पुरस्कार जीते। इसके अलावा जोनल यूथ फेस्टिवल में भी 15 पुरस्कार जीतकर कॉलेज ने नया रिकार्ड कायम किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने बताया कि रत्नावली समारोह में छात्र देव रावत ने हरियाणवी भजन और गजल में पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि सुमित ने हरियाणवी एकल वादन में प्रथम स्थान हासिल किया। कुणाल ने हरियाणवी लोकगीत में दूसरा और देवेंद्र शर्मा व सलोनी ने युगल रागनी में चौथा स्थान पाया। विजेता विद्यार्थियों को कुलपति डॉ. सोमनाथ सचदेवा और मुख्यमंत्री के ओएसडी राज नेहरू ने सम्मानित किया। जोनल फेस्टिवल में कॉलेज ने समूह पाश्चात्य गायन, एकल पाश्चात्य गायन, वाद-विवाद और शास्त्रीय गायन में पहला स्थान प्राप्त किया। कई अन्य श्रेणियों जैसे पॉप सांग हरियाणवी, समूह गान, लोकगीत, शास्त्रीय वादन, वाकपटुता आदि में दूसरा पुरस्कार मिला। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने विजेताओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी।



**करनाल।** रत्नावली और जोनल यूथ फेस्टिवल के विजेता विद्यार्थियों के साथ प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह व प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

### कहा : गांव के विकास के लिए 24 घंटे प्रयासरत, हर समस्या का होगा स्थायी समाधान

## गांव सौंकड़ा के वाल्मीकि मंदिर में बनेगा लंगर हाल: लाडी

- निर्माण कार्य पर खर्च होंगे 18 लाख रुपये, विधिवत भूमि पूजन कर कार्य का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

गांव सौंकड़ा स्थित श्री वाल्मीकि मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 18 लाख रुपये की लागत से एक विशाल लंगर हॉल का निर्माण कराया जाएगा। मंगलवार को मंदिर परिसर में विधिवत भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सरपंच एसोसिएशन नीलोखेड़ी के प्रधान भूपिंदर सिंह लाडी, ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों और मंदिर समिति के सदस्यों की बड़ी संख्या मौजूद रही। सरपंच प्रतिनिधि भूपेन्द्र सिंह लाडी ने बताया कि लंगर हॉल का निर्माण कार्य आज से शुरू हो गया है जो जल्द ही बनकर तैयार भी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि लंगर हॉल तैयार होने से दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने और प्रसाद ग्रहण करने की बेहतर सुविधा मिलेगी। लाडी ने कहा कि गांव के सर्वांगीण विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार को लेकर मेरे निरंतर प्रयास जारी हैं। गांव की हर समस्या का अब स्थायी समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर कंवलजीत खुल्लर, प्रधान ओम प्रकाश, बिल्लू बाबा, काला वाल्मीकि, अखिल बेदी, पवन, मेंबर जोनी, मेंबर प्रदीप के अलावा कई लोग मौजूद रहे।



**तरावड़ी।** कार्यक्रम मे भाग लेते हुए सरपंच एसोसिएशन नीलोखेड़ी के प्रधान भूपिंदर सिंह लाडी, ग्रामीण व मंदिर समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### जिला प्रशासन के सहयोग से कई योजनाएं लागू की

लाडी ने कहा कि जल, सड़क, बिजली, स्वच्छता और शिक्षा जैसे मूलभूत क्षेत्रों में तेजी से सुधार कार्य शुरू किए जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि गांव का कोई भी व्यक्ति मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। इसके लिए पंचायत और जिला प्रशासन के सहयोग से कई योजनाएं लागू की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि गांव के विकास के लिए वे स्वयं 24 घंटे सक्रिय हैं और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जा रहा है। हाल ही में गांव में नई सडक निर्माण, नाली मरम्मत, स्ट्रीट लाइट और पेयजल टंकी जैसी परियोजनाओं पर काम शुरू हुआ है। गांव के वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि यह मंदिर क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक स्थल है और यहां हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। लंगर हॉल बनने से मंदिर परिसर का स्वरूप और सुविधाएं दोनों में सुधार आएगा। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि यह कार्य समाज की एकता और सेवा भावना का प्रतीक है। गांव वासियों ने बताया कि लंबे समय बाद विकास कार्यों की गति बढ़ी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगर यही रफ्तार बनी रही तो जल्द ही गांव का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा।

## खबर संक्षेप

### अजय को आप ने बनाया करनाल लोकसभा अध्यक्ष

**पानीपत।** आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता ने आज पानीपत में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी संगठन का विस्तार करते हुए स्थानीय नेता और एडवोकेट अजय सिंगला को लोकसभा करनाल का अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। इस नियुक्ति से पार्टी की लोकसभा स्तर पर मजबूती बढ़ेगी और स्थानीय मुद्दों पर अधिक प्रभावी ढंग से काम किया जा सकेगा। इस अवसर पर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र अहलावत, वरिष्ठ नेता सुखबीर मलिक, नरेंद्र जसिया, जिला सचिव योगेश , जितेंद्र जुनेजा व संजीव राहुल उपस्थित रहे।

### प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन

**समालखा।** स्व.मास्टर रामफ ल की याद में किवाना शिक्षा एवं खेलकूद समिति द्वारा लाइब्रेरी किवाना में 21वीं प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें गांव स्तरीय नौवीं कक्षा से ऊपर सैकड़ों विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। वहीं 6-8 कक्षाओं के विद्यार्थियों की क्विज प्रतियोगिता भी कराई गई। किवाना शिक्षा एवं खेलकूद समिति के फाउणडर मदन पाल छौक्कर ने बताया कि मां रामफ ल दिल्ली सरकार के सरकारी स्कूल में हिन्दी के अध्यापक थे। वे हिन्दी साहित्य के बड़े जानकार व्यक्ति थे।
समाचार न.5

### रिटायर कर्मचारी संघ की बैठक सम्पन्न

**पानीपत।** रिटायर कर्मचारी संघ की बैठक सीटू कार्यालय में जिला प्रधान शीशपाल मलिक की अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन कली राम शर्मा ने किया। बैठक में राज्य के वरिष्ठ उप प्रधान बलवान सिंह नांदल ने बताया कि 17 सितंबर 2025 को अखिल भारतीय राज्य पेंशनर फेडरेशन के आह्वान पर जंतर मंतर पर देश के रिटायर कर्मचारियों ने धरना देकर प्रधानमंत्री व वित्तमंत्री के नाम ज्ञापन दिया था। बैठक में प्रीतम रावल ईश्वर सिंह, जय भगवान, श्याम सुंदर, रामभज, ईश्वर कुहाड़ ,कृष्ण कुमार ,ऋषि राम, अशोक कुमार, जय सिंह, लाल सिंह, दिलावर राठी, सुल्तान देशवाल ,मा. सुरेंद्र जागलान ने भाग लिया।

### चुलकाना धाम में लगा श्रद्धालुओं का तांता

**समालखा।** चुलकाना धाम श्याम बाबा मंदिर में आज कार्तिक माह की पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्री श्याम बाबा के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की पूरा दिन लाइन लगी रही। मंदिर कमेटी प्रधान रोशन लाल ने बताया कि चुलकाना धाम पर दूर दराज से श्रद्धालु दर्शन के लिए एक नवंबर देवउठनी एकादशी पर आना शुरू हो गए थे। एक और दो नंबर को लाखों की संख्या में भक्तों ने दर्शन किए।

### चाकू से हमला करने का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**समालखा।** थाना समालखा पुलिस ने गावं चुलकाना में दशहरा उत्सव के दौरान युवक पर चाकू से हमला करने मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को मंगलवार शाम को मनाना मोड़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान चुलकाना गांव निवासी राजू के रूप में हुई है। थाना समालखा प्रभारी सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ में आरोपी राजू ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने दो साथी आरोपियों चुलकाना निवासी नितीन उर्फ नीशु व रविकांत के साथ मिलकर रंजिशन चाकू से हमला करने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

### गोहाना रोड पर शव मिलने से फैली सनसनी

**पानीपत।** गोहाना रोड पर आज सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा देखा। सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में सनसनी फैल गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद सेक्टर 29 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में भिजवाया। प्राथमिक जांच में युवक के सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं।

## प्रभात फेरियों में बच्चों ने बजाई ढोलक

# डेरा बाबा जोध सचियार में श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व मनाया

**डेरा परिसर में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक प्रभात फेरियों का आयोजन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

कमेटी डेरा बाबा जोध सचियार के प्रधान सेवादार व हांसी के विधायक विनोद भयाना के मार्गदर्शन में श्री गुरु नानक देव जी महाराज का पावन प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। डेरा परिसर में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक प्रभात फेरियों का आयोजन किया गया। जिनमें साध संगत ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रभात फेरियों में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी ढोलक बजाकर विशेष उत्साह के साथ भाग लिया। कमेटी के महासचिव मदन मोहन भयाना ने कहा कि प्रभात फेरियां प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे शुरू होती थी। जिनका समापन आज श्री अखंड पाठ साहिब की पूर्णता के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव महाराज जी ने हमें जीवन जांच और प्रभु नाम से जुड़ने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि नानक नाम चढ़दी कला, तेरे भाने सरबत दा भला अपने जीवन में उतार लें, तो सारे जगत का कल्याण हो जाएगा। जसपाल भयाना ने बताया कि डेरे पर विशेष कीर्तन दरबार सजाया गया। जिसमें बीबी अमनदीप कौर पटना साहिब वाले ने गुरु की बाणी से साध संगतों को निहाल किया। इस अवसर पर कैशियर वेद बठला, सहसचिव कमल भयाना, सेवादार जसवंत सिंह, आशु सेठी, राहुल, जितेंद्र, शिल्पा, सुनील व हरनाम सिंह मौजूद रहे।


पानीपत। गुरु प्रकाश पर्व में प्रभात फेरी का दृश्य व ढोल बजात नन्हा बच्चा ।


पानीपत। गौशाला में मौजूद राजस्थानी परिवार सेवा समिति के सदस्य।

### गो माता के लिए सवामणि का आयोजन

राजस्थानी परिवार सेवा समिति के तत्वावधान में श्री कृष्ण गोशाला में गुरु पर्व पर गो माता की सेवा हेतु सवामणि का आयोजन किया गया। परिवार के सदस्यों ने मिलकर गो माता की सेवा करते हुए श्रद्धा और भक्ति का भाव प्रकट किया। संस्था सदस्य तिलक सपड़ा ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज की बुराइयों को दूर करने के लिए अपने उपदेशों एवं शिक्षा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। सवामणि में पीडी चौधरी, राजेंद्र खुराना, बलदेव खुराना, सुमेर सिंह, तरुण सपड़ा सहित अन्य सदस्यों ने गायों की सेवा की तथा भविष्य में भी गो सेवा का संकल्प लिया।



### गुरु वाणी पाठ किया गया

**समालखा।** श्री गुरु गोविंद सिंह गुरुद्वारा जीटी रोड समालखा पर गुरु नानक देव का 556 वां जन्म दिवस प्रकाश पर्व के रूप में मनाया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए श्री गुरु गोविंद सिंह गुरुद्वारा जीटी रोड गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जगतार सिंह ने बताया की समालखा में 13 दिन से लगातार प्रभात फेरी निकल जा रही है और गुरु वाणी पाठ किया गया व विशाल लंगर का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के द्वारा में लंगर चखा गया । इस अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार गोपाल सिंह ,सरदार गुरुवनत सिंह ,सरदार गुरु नाम सिंह ,सरदार बूटा सिंह,ओम प्रकाश मल्होत्रा,अमित राठी, राजकुमार छौककर ,सोनू , काका ,हिमांशु चीकू ,इशू ,कुलदीप, हैप्पी , जीत सिंह , गोलू ,दर्शन ,रमन, जीत, स्वरण जीत ,भूषण मल्होत्रा ,सरबजीत ,रमन हैप्पी, योगेश ढोढपुर , गुरमीत सिंह, व अन्य ने सेवाएं दी।

# शिव मंदिर में तुलसी विवाह धूमधाम से हुआ संपन्न


पानीपत। अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

■ शालिग्राम की बारात में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

प्राचीन शिव मन्दिर, राम नगर, तहसील कैम्प से तुलसी विवाह के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भीम सचदेवा प्रधान श्रीराम दशहरा कमेटी बरसत रोड, व राज कुमार जैन सरपरस्त श्रीराम दशहरा कमेटी तथा विशिष्ठ अतिथि वेद मेहता संचालक शनि मन्दिर सैक्टर 13-17 व रजनीश गुप्ता मिन स्वीट फतेहपुरी चौक रहे। शालिग्राम की बारात में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और बैण्ड व ढोल की धुन पर नाचते, गाते हुए बारात के रूप में निकले। यह बारात तहसील कैम्प की मुख्य गलियों व सडक्रों से होती हुई राम नगर, प्राचीन शिव मन्दिर के पास पहुंची, जहां बारात का भव्य स्वागत किया गया। वर पक्ष की ओर से चरणजीत नारंग व वधू पक्ष की ओर से बख्शी राम व शकुन्तला रानी का परिवार रहा। कार्यक्रम उपरांत एक भण्डारे का आयोजन किया गया। प्राचीन शिव मन्दिर के प्रधान सुभाष गुलाटी ने बताया कि ऐसे आयोजन संस्था द्वारा हर वर्ष किये जाते रहेंगे। उन्होंने सभी धार्मिक संस्थाओं और दानवीरों का धन्यवाद किया तथा तुलसी व्रत रखने वाली पांच कन्याओं को शाल व श्री राधाकृष्ण की तस्वीर देकर सम्मानित किया। वहीं सभी अतिथियों को दौशाला व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर टेकचन्द आर्य, सुरेन्द्र चावला, प्रेम मल्होत्रा, अरूण मल्होत्रा, डिम्पी कालड़ा, हरीश वर्मा, शिन्टू आहूजा, अशोक कपूर, लक्की चावला, कमल नयन वर्मा, अरूण नन्दवानी, रौनक लाल, मीरा, पूजा बरेजा, दिव्या वर्मा, गीता, सीमा रानी, मन्नू, अन्नू व फूलवती आदि मौजूद रहे।

# किसान व पुलिस पर फायरिंग मामले में हथियार सप्लायर काबू

■ आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

सीआईए श्री पुलिस की टीम रिसपुर गांव के खेतों में किसान व पुलिस पर फायरिंग करने मामले में आरोपियों को हथियार सफाई करने वाले आरोपी को मंगलवार शाम को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान यूपी के शामली जिले के गोगवान गांव निवासी जुनैद के रूप में हुई है। वहीं आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी जुनैद ने इस मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके यूपी के शामली जिले के तितरवाडा गांव निवासी जुनैद को 2 देसी पिस्तौल व 4 जिंदा रौंद 15 हजार रूपए में बेचने बारे स्वीकारा। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया उसने अवैध हथियार बेचकर हासिल की 15 हजार रुपये की नगदी खाने.पीने में खर्च कर दी।थाना सनौली में रिसालू निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनकी रिसपुर गांव में 11 एकड़ जमीन है। वर्ष 2011 से जमीन पर उनका कब्जा है।


पानीपत। हथियार सप्लाई करने के आरोपी के साथ पुलिस टीम ।



समालखा। विज्ञान प्रदर्शनी विजेता टीम का सम्मान करती प्रधानाचार्या अलोना सिंगला व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### ब्लाक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में एमएपीएस की टीम रही प्रथम

**समालखा।** हरियाणा सरकार द्वारा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार बैथनी कॉन्वेंट स्कूल परिसर में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिसमें महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल की टीम ने ऋषित जैन कक्षा 12 के नेतृत्व में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में हिस्सा लेकर स्कूल कों प्रथम स्थान मिला। वेस्ट मैनेजमेंट और अल्टरनेटिव टू प्लास्टिक उपविषय के अंतर्गत ऋषित जैन ने अपना प्रोजेक्ट श्नेचुरल अकॉस्टिक पैनल॰ प्रस्तुत किया। टीम में सहायक सदस्य के रूप में हिमांशु कक्षा 10, गौरी कक्षा 10, अवनी मित्तल कक्षा 9, ईशान कक्षा 9 और अर्नव कक्षा 8 शामिल थे। विद्यार्थियों को इस परियोजना में मार्गदर्शन अध्यापक अनिल कुमार ने किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अलोना सिंगला तथा सभी शिक्षकों ने विजेता टीमों का स्वागत किया।

# गणेश मंदिर में प्रभातफेरी वालों को किया सम्मानित

■ हवन यज्ञ के साथ देव दिपावली का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

देव दीपावली के उपलक्ष्य में भाटिया कॉलोनी स्थित श्री गणेश मंदिर में आज हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। प्रधान बलदेव गांधी, महासचिव हरीश बंसल ने बताया कि गणेश मंदिर की ओर से कार्तिक मास के उपलक्ष्य में रोजाना अलग-अलग एरियाओं में प्रभातफेरी निकाली जा रही है। आज हवन यज्ञ के साथ देव दिपावली के मौके पर समापन हुआ। इस प्रभात फेरियों में भाग लेने वाली महिलाएं, भजन मंडलियों को विशेष सम्मान के तहत सम्मानित किया गया।


पानीपत। प्रभात फेरी में शामिल होने वाली महिलाओं को सम्मानित करते आयोजक।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर अशोक गुंबर, सतीश फुटेला, नरेश, बिट्टू, हेमंत शर्मा, अशोक जख्मी, दीपक अरोड़ा, गुलशन धमीजा, सुमित ठुकराल, आशु गांधी, आशा ठकराल, ममता, हेमा, रेखा, सोनिया, सीमा, सुदेश बंसल, अंजू, रीता, रचना, नीलम, राज, सुमित्रा, शकुंतला फुटेला, निधि, मेघा, संगीता धमीजा, रेखा, तान्या, पूजा, कमलेश व शकुंतला आदि मौजूद रहे।

### कमेरे वर्ग के हितेषी थे सर छोटूराम

**इसराना।** सर छोटूराम की जयंती इसराना के सर छोटूराम किसान भवन में मनाईं गई। मुख्य अतिथि समाजसेवी भाजपा नेत्री सुमित्रा जागलान उर्फ पोपो रही जबकि विशिष्ट अतिथि इसराना ब्लाक पंचायत समिति चेयरमैन हरपाल मलिक रहे। अध्यक्षता देवेन्द्र जागलान ने की। भाजपा नेत्री सुमित्रा जागलान ने कहा कि संयुक्त भारत पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त के राजस्व मंत्री दीनबंधु छोटू राम सच्चे अर्थों में किसानों के साथ साथ हर कमरे वर्ग के मसीहा थे। किसानों को साहूकारों द्वारा किए जाने वाले आर्थिक शोषण से मुक्ति दिलाई थी। पानीपत से रोहतक के बीच जाने वाली सडक्र भी सर छोटूराम ने बनवाई थी। जिसकी डिमांड चौधरी जीत सिंह ने की थी। सर छोटूराम ने अपने कार्यकाल में हरियाणा व पंजाब में अनेकों विकास कार्य करवाये।

# यूथ रेड क्रॉस शिविर में आर्य कॉलेज ने जीता प्रथम पुरस्कार


यूथ रेड क्रॉस शिविर में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्य डा.जगदीश गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस इकाई के वॉलंटीयर ने राष्ट्र स्तरीय शिविर में ग्रुप सोंग में प्रथम पुरस्कार जीत कर कॉलेज के साथ-साथ अपने जिले व हरियाणा राज्य का भी नाम रोशन किया है। शिविर का आयोजन मध्य प्रदेश के उज्जैन में किया गया था। आज कॉलेज प्रांगण में कॉलेज प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने विजेता वॉलंटीयर का स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस इकाई के प्रभारी डॉ.विजय सिंह, डॉ.संदीप कुमार व प्राध्यापिका खुशबू वर्मा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। कॉलेज प्रबंधक समिति के उपप्रधान वीरेंद्र शिंगला ने कहा कि वर्तमान में आर्य कॉलेज के विद्यार्थी हर क्षेत्र में कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं, हमें अपने विद्यार्थियों पर गर्व है।

### हेमचंद्र विक्रम आदित्य के बलिदान दिवस पर हवन यज्ञ का आयोजन

**पानीपत।** गांव शौदापुर में आज हेमचंद्र विक्रम आदित्य के बलिदान दिवस पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उनके समाधि स्थल पर संपन्न हुआ। ग्रामीणों और विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने अमर बलिदानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। हवन यज्ञ का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। पूरे वातावरण में गूंजते मंत्रों ने श्रद्धा और सम्मान की भावना को और गहरा कर दिया। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर वीर हेमचंद्र विक्रम आदित्य को याद किया। इस अवसर पर जिला पार्षद आकाश पोडिया, बजरंग दल के कार्यकर्ता विक्की, विरजू और सुभाष, विश्व हिंदू परिषद के सहमंत्री पवन सैगल और दिल्ली से आए ब्राह्मण संघ के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# विदेश में रह रहे भाई का ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने का आरोपी काबू

■ आरोपी की पहचान रेर कलां गांव निवासी देवीलाल के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

थाना शहर पुलिस ने विदेश में रह रहे गांव रेर कलां गांव निवासी एक व्यक्ति का फर्जी तरीके से लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने मामले में आरोपी छोटे भाई को मंगलवार शाम को रेर कलां गांव से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रेर कलां गांव निवासी देवीलाल के रूप में हुई है। थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर दीवान सिंह ने बताया कि गांव रेल कलां निवासी सुभाष पुत्र श्यामचंद ने गत जुलाई माह में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दी थी कि पानीपत एसडीएम कार्यालय में तैनात ड्राइविंग लाइसेंस क्लर्क अंकित ने दलालों के साथ मिलकर रेर कलां गांव निवासी सुभाष पुत्र लछमन का फर्जी तरीके से लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाया है। जबकि 48 वर्षीय सुभाष पुत्र लछमन करीब 20 साल से विदेश में रह रहा है। सुभाष की शिकायत पर थाना शहर में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी थी।


पानीपत। फर्जी लाइसेंस बनवाने के आरोपी के साथ पुलिस टीम ।

**मेडिकल सर्टिफिकेट फर्जी मिला**

इंस्पेक्टर दीवान सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच करते हुए फाइल में लगे दस्तावेज की जांच पड़ताल की तो मेडिकल सर्टिफिकेट फर्जी मिला। इसके साथी लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया में जिस मोबाइल नंबर का प्रयोग किया गया वह सुभाष के छोटे भाई देवीलाल का मिला। इस नंबर पर ही वेरिफिकेशन के सभी ओटीपी गए थे। पुलिस ने दर्ज मामले में बीएनएस की धारा 338ए 336;3, 340;2 व 61 इजाद कर मंगलवार शाम को आरोपी देवीलाल को गांव रेर कलां से गिरफ्तार किया गया।

## सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश ने कर्नाटक को व हरियाणा ने तेलंगाना को हराया

# राष्ट्रीय कुश्ती अंडर 19 में हरियाणा बना ओवरआल चैंपियन

**लड़कों के 65 किलो भार वर्ग में कुल 25 टीमों ने भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आर्य पीजी कॉलेज में आयोजित 69वें राष्ट्रीय कुश्ती अंडर 19 खेलों के पांचवे और अंतिम दिन का मुकाबला काफी बेहतरीन रहा। फिर से खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय दिया और अपना दमखम दिखाया। आज का मुकाबला लड़कियों के 53 किलो भार वर्ग तथा लडक्रों के 65 किलो भार वर्ग वाले खिलाड़ियों का था। लड़कियों के 53 किलो भार वर्ग में कुल 22 टीमों ने भाग लिया। सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश ने कर्नाटक को तथा हरियाणा ने तेलंगाना को हराया। फाइनल में उत्तर प्रदेश ने हरियाणा को हराया। जिसमें उत्तर प्रदेश की डॉली राणा ने स्वर्ण पदक, हरियाणा की अंजू ने रजत पदक व कर्नाटक की काव्या और तेलंगाना की के गीता ने कास्य पदक हासिल किया। जबकि लड़कों के 65 किलो भार वर्ग में कुल 25 टीमों ने भाग लिया। सेमीफाइनल में महाराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश को तथा कर्नाटक ने हरियाणा को हराया। फाइनल में महाराष्ट्र ने कर्नाटक को हराया। जिसमें महाराष्ट्र के प्रणव कृष्णा मोर ने स्वर्ण पदक, कर्नाटक के विकास एन ने रजत पदक व दिल्ली के विनीत और विद्या भारती के सौरभ कुमार ने कास्य पदक हासिल किया। इस नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में लड़कियों में ओवरऑल रेसलिंग चैंपियनशिप हरियाणा के पास रही। जिसमें हरियाणा पहले, राजस्थान दूसरे व उत्तर प्रदेश तीसरे स्थान पर रहा। ओवरऑल टूर्नामेंट मे लड़कों में भी हरियाणा ने ही कुश्ती चैंपियनशिप में प्रथम स्थान हासिल किया।



पानीपत। ओवरआल चैंपियन का पुरस्कार प्राप्त करती हरियाणा की टीम।

**ये रहे मौजूद**

*मुख्य अतिथि विधायक प्रमोद विज के पुत्र राहुल विज, विशिष्ट अतिथि सतपाल संधू आढ़ती व समाजसेवी, राजू मलिक, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष चन्द्र, प्रिंसिपल आर्य कॉलेज जगदीश गुप्ता, ई ओ रविन्द्र आंतिल, डॉ.जोगिंद्र, गुलाब, जयपाल, प्रदीप कादियान, राकेश, बिजेन्द्र पूनिया व कर्ण सिंह पूनिया खिलाड़ियों की हौसला अफ जाई के लिये मौजूद रहे।*

### सुप्रीम कोर्ट में गांव अहर सरपंच फर्जी वोट मामले में तारीख 6 नवम्बर को

**इसराना।** ब्लाक इसराना के गांव अहर में हुई सरपंच चुनाव में फर्जी वोट मामले में 6 नवम्बर को तारीख है। जिस को लेकर ग्रामीणों के साथ-साथ दोनों पक्षों में बेचेनी देखी जा रही है। उल्लेखनीय यह है कि गांव अहर का सरपंच का चुनाव तीन साल पहले हुआ था पर चुनाव परिणाम को लेकर 34 वोटों से हारे भगवान दास को हजम नहीं हुआ ओर उन्होंने गांव अहर के चुनाव में फर्जी वोट डाले गये इसको लेकर वह अदालत की शरण में गये। भगवान दास ने जो फर्जी वोट डाले गये उनके सबूत कोर्ट में पेश किए ओर कोर्ट ने जिला अदालत से लेकर पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने गांव अहर में हुआ पंचायत चुनाव को फर्जी माना तथा दोबारा चुनाव करवाने के आदेश दिये। जिला प्रशासन ने जब तक चुनाव नहीं होते गांव में कार्यकारी सरपंच रविन्द्र उर्फ रवि कुमार को बनाया गया है। राज्य सरकार द्वारा उप चुनावों की घोषणा कर दी। इसी दौरान गांव के सरपंच महेंद्र सिंह सुप्रीम कोर्ट चले गये, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव पर रोक लगा दी ओर कार्यकारी सरपंच रविन्द्र से सरपंच का चार्ज वापस लेकर महेंद्र सिंह को दिया गया।

### रेलवे यार्ड के पास मिला शव

**पानीपत।** पानीपत में रेलवे यार्ड के पास लाइन किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। शव को सबसे पहले गुजर रहे यात्रियों ने देखा और तुरंत इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी। सूचना मिलते ही जीआरपी के एएसआई भारत सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल के पोस्टमॉर्टम हाउस में भिजवाया। पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 39 वर्ष प्रतीत हो रही है। शव के पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज या वस्तु नहीं मिली है। युवक के बाएं हाथ पर जख्मी दिल गुदा हुआ हैए जो उसकी पहचान में मददगार साबित हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### हादसे में बाइक सवार युवक की जान गई

**अंबाला।** सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बिहटा गांव के सचिन चौहान की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। सचिन ने बताया कि वह एक कंपनी में रिकवरी का काम करता है। सुबह अपने गांव से ड्यूटी पर जा रहा था तो इस दौरान साहा चौक की तरफ से आए तेज रफ्तार ट्रक कंटेनर ने एक बाइक में सीधी टक्कर मार दी।

### फिजी वायरस ने किसानों के सपनों पर पानी फेरा

**अंबाला।** फिजी वायरस ने किसानों के सपनों पर पानी फेर दिया। इस वजह से कई किसानों को आर्थिक संकट झेलना पड़ रहा है। जलबेड़ा गांव के किसान राजेंद्र की चार एकड़ में से मात्र 8 क्विंटल धान ही निकला है। राजेंद्र ने बताया कि आस लगाए बैठा था कि अच्छी पैदावार से वह नया ट्रैक्टर खरीदेगा, जबकि उसके पास चार एकड़ में से मात्र 8 क्विंटल धान ही निकला है।

### चोरी के मामले में दो आरोपित दबोचे

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी हरीश उर्फ धन्ना व सतपाल उर्फ चुन्ना को गिरफ्तार किया है। सेक्टर 10 के रहने वाले कुलदीप कुमार ने 1 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 अक्तूबर 2025 को आरोपियों ने अनाज मंडी अम्बाला शहर में स्थित उसकी दुकान से 10 बोरी जीरी चोरी कर ली है।

### साइबर अपराध के प्रति किया जागरुक

**अंबाला।** पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार अंबाला शहर के हर्बल पार्क पुलिस ने साइबर जागरूकता अभियान चलाकर आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचने बारे जागरूक कर साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। इस कार्यक्रम में लगभग 260 आम नागरिकों, पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों व राहगीरों ने भाग लिया।

### हरियाणा अध्यापक संघ का रोष प्रदर्शन आठ को

**नारायणगढ़।** शिक्षकों की लंबित मांगों पर टरकाऊ रवैया अपनाया जा रहा है। इसके विरोध में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ 8 नवंबर को पानीपत में जोरदार प्रदर्शन करेगा। संघ एवं स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के जिला प्रधान सरदार सतनाम सिंह एवं सचिव मुकेश घारू ने कहा कि चार को राज्य कमेटी के शिष्टमंडल ने शिक्षा विभाग के एसीएस विनीत गर्ग, सेकेंडरी निदेशक जितेंद्र कुमार आदि के साथ बैठक की। पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई।

### मारपीट के मामले में दो आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज झगडा मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी चेतन उर्फ राखी व नीरज को गिरफ्तार किया है। पूजा विहार के रहने वाले ठाकुर सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 31 अक्तूबर को बाइक सवार ने डंडो से वार चोट पहुंचाने का आपराधिक कार्य किया है।

## युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने गुरु नानक देव के प्रकाशपर्व पर गुरुघरों में मत्था टेकने के बाद की लंगर सेवा

# गुरुबाणी केवल शब्द नहीं बल्कि जीवन जीने की एक परिपूर्ण राह

*आने वाली पीढ़ियों में 'नाम सिमरन' और 'सेवा भाव' का संस्कार सबसे बड़ी पूंजी*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

गुरुनानक देव जी के प्रकाशपर्व की पावन बेला पर अंबाला छावनी का वातावरण भक्ति और आस्था की रोशनी से आलोकित हो उठा। इस अवसर पर समाजसेवी एवं नेत्री चित्रा सरवारा ने नगर के प्रमुख गुरुघरों श्री गुरुद्वारा पंजोखरा साहिब ,गुरुद्वारा गोबिंद नगर,गुरुद्वारा सिंह सभा हरगोलाल रोड तथा गुरुद्वारा साहिब सरसेहड़ी व अनेकों गुरुघरों में माथा टेककर गुरु महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। संगत की उपस्थिति में उन्होंने देश, समाज और मानवता की सुख-शांति के लिए विनम्र भाव से अरदास की।

चित्रा सरवारा का स्वागत गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों द्वारा श्रद्धापूर्वक सिरोपा और श्री स्वरूप भेंट कर किया गया।इस अवसर पर गुरुघरों में चित्रा ने स्वयं अपने हाथों से संगत को लंगर वितरित किया।



**अंबाला।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी पदाधिकारियों के साथ चित्रा सरवारा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

इस दौरान दीवान हाल में गूंज रही गुरबाणी की मधुर धुनों में उन्होंने श्रद्धा से श्रवण किया। सरवारा ने कहा की श्री गुरु नानकदेव से लेकर श्री गुरु गोबिंद सिंह तक सभी गुरु साहिबानों की वाणी हमें प्रेम, करुणा और समानता का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि गुरुबाणी केवल शब्द नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक परिपूर्ण राह है जिसमें न कोई ऊंच-नीच है, न कोई भेदभाव। उन्होंने यह भी कहा कि इस समय में सिख रहत मर्यादा के सिद्धांत हमें याद दिलाते हैं कि सेवा ही सच्ची साधना है और सब धर्मों का सार एक ही- "मानवता" गुरुद्वारा श्री पंजोखरा साहिब में चित्रा सरवारा ने विशेष रूप से उस ऐतिहासिक स्थल की महत्ता पर प्रकाश डाला। यहां गुरु हरकिशन साहिब ने मानव कल्याण की राह दिखाई। गुरुद्वारा गोबिंद नगर गुरुद्वारे में उन्होंने स्थानीय संगत के साथ 'अरदास दीवान' में भाग लिया और हरगोलाल रोड स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में संगत को लंगर वितरित कर गुरुमुखी पाठ के दौरान बच्चों को आशीर्वाद देते कहा कि आने वाली पीढ़ियों में 'नाम सिमरन' और 'सेवा भाव' का संस्कार सबसे बड़ी पूंजी है।

उन्होंने यह भी कहा कि गुरु महाराज ने हमें यह सिखाया कि /"पवन गुरु,पाणी पिता माता धरत महत/" अर्थात प्रकृति के तीनों तत्व ही हमारे गुरुओं के स्वरूप हैं, जिनका सम्मान और संरक्षण करना भी भक्ति का ही हिस्सा है।

## गुरु नानक देव जी ने दुनिया में फैलाया धर्म-एकता और मानव सेवा का संदेश

**अंबाला।** गुरु ग्रंथ साहिब विद्या केंद्र सेवा समिति बहबलपुरमें गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा गुरबानी कीर्तन से की गई जिसके पश्चात कथा वाचक हरप्रीत सिंह जी बुडढा दल निशान वाली जत्थेदार ने गुरु नानक देव के जीवन और उपदेशों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरु नानक देव का जन्म 15 अप्रैल 1469 ईस्वी (संवत 1526) को कार्तिक पूर्णिमा के दिन तलवंडी (ननकाना साहिब, पाकिस्तान) में हुआ था। उनके पिता का नाम कल्याण चंद और माता का नाम तृप्ता देवी था। उन्होंने धर्म, एकता और मानव सेवा का संदेश पूरे देश और विश्व में फैलाया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने गतके के जौहर भी दिखाए। बच्चों को शुद्ध पाठ और गुरबाणी का अभ्यास भी करवाया गया। कार्यक्रम के अंत में लंगर का प्रबंध किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। संस्था की प्रधान बीबी भूपेंद्र कौर, अध्यक्ष ठाकुर सिंह, प्रिंसिपल सरबजीत कौर सहयोगी सचिव महान सिंह (पटियाला वाले), सुखविंदर सिंह (बहबलपुर), अमृतपाल



**अंबाला।** गुरु नानक देव जी की वाणी का प्रचार करते रागी।

सिंह (अंबाला), मनिंदर सिंह, स्वरूप सिंह, गुरचरण सिंह, सुरजीत सिंह (हुमांयूपुर) ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संकल्प लिया कि वे गुरु नानक देव की शिक्षाओं का पालन करेंगे और देश व समाज के सुधार में योगदान देंगे।

## गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर लोगों ने खीर का प्रसाद किया ग्रहण



**अंबाला।** लोगों को खीर का प्रसाद बरताते ऑल इंडिया अंबेड़कर महासभा के पदाधिकारी।

*ऑल इंडिया अंबेड़कर महासभा की प्रदेशाध्यक्ष रीना वाल्मीकि ने गुरु नानक देव की शिक्षाएं जीवन में धारण करने का दिलवाया संकल्प*

**हरिभूमि न्यूज. ▶▶| अंबाला**

बुधवार को गांव बब्याल में गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर खीर का भंडार लगाया गया। इस दौरान ऑल इंडिया अंबेड़कर महासभा की प्रदेशाध्यक्ष रीना वाल्मीकि बतौर मुख्यअतिथि पधारी । यहां पहुंचने पर रीना वाल्मीकि का एडवोकेट ऋषिदत्त सागर, ललित बग्गन व ऋषि भूषण बग्गन, देवेंद्र टांक, कर्ण बग्गन, संदीप गोलू, मनमोहन शर्मा, शीतू, हर्षित, सुमित बग्गन, रामकुमार व राजकुमार ने उनका फूलमालाओं से अभिनंदन किया। साथ ही ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किए जान पर रीना वाल्मीकि को सभी पदाधिकारियों की ओर से शुभकामनाएं दी गई। इसके लिए दलित समाज के सभी लोगों ने रीना वाल्मीकि की ताजपोशी पर कांग्रेस नेतृत्व का आभार जताया। इस दौरान रीना वाल्मीकि की ओर से लंगर में आए सभी लोगों को खीर का प्रसाद बरताया। साथ ही सभी को गुरु नानक देव जी के प्रकोशोत्सव पर बधाई दी। यहा अपने संबोधन में रीना वाल्मीकि ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने पूरी दुनिया को एकता का संदेश दिया था। उन्होंने ही उंच नीच के भेदभाव को खत्म करने के लिए सामाजिक कुरीतियों पर अपनी वाणी के जरिए करारा वार किया था। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षा कीरत करो बंड छको पूरी दुनिया में प्रचारित है। उन्होंने समाज के सभी युवाओं से गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण करने का भी आग्रह किया।

## प्रदेश में हुई लोकतंत्र की सबसे बड़ी लूट : रोहित जैन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**



एडवोकेट रोहित जैन।

- कांग्रेस अनुशासन समिति सचिव बोले– 'ब्राज़ील की मॉडल नहीं, असली चेहरा है भाजपा–ईसी गठजोड़ का'

प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के सदस्य सचिव एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा उजागर किए गए "हरियाणा वोट चोरी कांड" ने भाजपा और चुनाव आयोग के गठजोड़ की परतें पूरी तरह उधेड़ दी हैं। उन्होंने कहा कि अब यह कोई चुनावी अनियमितता नहीं, बल्कि संवैधानिक और लोकतांत्रिक व्यवस्था की संस्थागत चोरी है। जहां जनता के मताधिकार को व्यवस्थित रूप से छीना गया और सत्ता को "संख्याओं के जाल" में फँसाकर कब्ज़ा किया गया। प्रदेश कांग्रेस डेलिगेट रोहित जैन ने कहा कि राहुल गांधी ने जिन तथ्यों का सबूतों के साथ खुलासा किया, वे केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा पर किए गए प्रहार हैं। 25 लाख वोटों का यह हेरफेर एक योजनाबद्ध अपराध है, जिसमें भाजपा की शह और चुनाव आयोग की मौन स्वीकृति साफ झलकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की वोटर लिस्ट में ब्राज़ील की मॉडल की तस्वीर, डुप्लीकेट नाम, एक ही फोटो से 223 वोट, और एक मकान में 501 वोटरों का दर्ज होना यह दर्शाता है कि पूरा चुनाव प्रबंधन एक राजनीतिक साजिश के तहत संचालित किया गया। अम्बाला जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एडवोकेट जैन ने तीखा व्यंग्य करते हुए कहा अब लोकतंत्र का मकान नंबर भी '0' हो गया है। यही शून्य अब सरकार की नैतिकता में भी उतर आया है। जैन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस "लोकतांत्रिक डकैती" के विरुद्ध हर स्तर पर निर्णायक लड़ाई लड़ेगी।

## भगवान श्रीराम ने भी समाज कल्याण के लिए किया था सुखों का त्याग

*श्रीराम रसा अमृत कथा में बोली साध्वी ऋतंबरा*





**अंबाला।** साध्वी ऋतंबरा का अभिनंदन करते आयोजक व रक्तदानियों को सम्मानित करती दीदी मां। *फोटो : हरिभूमि*

- पहले दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, रक्तदान करने वालों को किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर**

नई अनाज मंडी में श्री सनातन जागरण मंच द्वारा आयोजित श्रीराम रसा अमृत कथा में पहले दिन श्रद्धालुओं की आपार भीड जुटी। कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जा रहा है। पद्म भूषण अलंकृत वात्सल्यमूर्ति पूज्य दीदी मां साध्वी ऋतंभरा भक्तों को श्रीराम रसा अमृत कथा का रसपान करा रही हैं। कथा स्थल पर इन दिनों भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। बता दें कि पद्मभूषण अलंकृत वात्सल्य मूर्ति दीदी मां साध्वी ऋतंभरा का मंगलवार का श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया था। इस दौरान पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया और पुष्पवर्षा कर दीदी मां का अभिनंदन किया। यहां कथा 6 नवंबर तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक आयोजित की जा रही है।

### राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सहभागिता जरूरी

उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि "रक्तदान एक ऐसा पुण्य कार्य है जो न केवल किसी जरूरतमंद की जान बचाता है बल्कि समाज में प्रेम, करुणा और सेवा की भावना को भी सशक्त करता है। जब हम किसी अज्ञात व्यक्ति के जीवन को बचाने के लिए रक्तदान करते हैं, तब वास्तव में हम 'मानवता के धर्म' का पालन करते हैं। भगवान श्रीराम ने भी समाज के कल्याण के लिए अपने सुखों का त्याग किया था, उसी भावना से यदि हम दूसरों के हित में कार्य करें तो यही सच्ची रामभक्ति है। दीदी मां ने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल भक्ति में ही नहीं बल्कि समाज सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभाएं, क्योंकि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सेवा, संयम और संस्कार से ही समाज में वास्तविक परिवर्तन लाया जा सकता है।

## बिहार चुनाव : फिर स्टेशन पर बढ़ने लग गई यात्रियों की भीड़

- लुधियाना-अमृतसर से पैक होकर आ रही हैं ट्रेनें, स्टेशन पर यात्री नहीं खोलते दरवाजे



**अंबाला।** बिहार चुनाव के लिए अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर एक बार फिर यात्रियों की भीड़ बढ़ने लगी है। ऐसे में स्टेशन पर व्यवस्थाएं एक बार फिर बिगड़ती हुई नजर आ रही है। अमृतसर और लुधियाना की तरफ से आने वाली ट्रेनों के दरवाजे भी बंद मिल रहे हैं जिन्हें खुलवाने के लिए जीआरपी सहित आरपीएफ को कड़ी कसरत करनी पड़ रही है। मंगलवार को देर रात भी ऐसे हालात स्टेशन पर देखने को मिले, जबकि बुधवार को भी कैंट रेलवे स्टेशन के अनारक्षित टिकट केंद्र पर यात्रियों का मेला लगा रहा। मंगलवार को देर रात लगभग 12:20 बजे अमृतसर से सहरसा जाने के लिए ट्रेन नंबर 15532 जैसे ही प्लेटफार्म तीन पर पहुंची तो पूरी व्यवस्था चौपट हो गई। यात्री कोच में चढ़ने के लिए चीखते-चिल्लाते रहे, लेकिन कोच के अंदर बैठे यात्रियों ने दरवाजा खोलने की कोई कोशिश नहीं की। अंदर बैठे यात्रियों ने इस अनदेखा कर दिया। जब आरपीएफ व जीआरपी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी दरवाजे खुलवाने की कोशिश की तो वो भी कामयाब नहीं हो पाए। मजबूरन अधिकांश यात्रियों को प्लेटफार्म पर ही रुकना पड़ा। उनकी आंखों के सामने ट्रेन निकल गई। बिहार चुनाव व शादी के सीजन को देखते हुए कैंट रेलवे स्टेशन पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों की तैनाती की गई है, लेकिन उनके द्वारा पेश की गई रिपोर्ट से रेलवे को अंबाला से एक विशेष ट्रेन के संचालन के लिए बाध्य होना पड़ा। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि बिहार चुनाव व शादी के सीजन को लेकर एक बार फिर भीड़ काफी बढ़ गई है। अमृतसर और लुधियाना से आने वाली ट्रेनें पूरी तरह से पैक आ रही हैं। इसलिए बुधवार रात को अंबाला से कटिहार के बीच एक विशेष ट्रेन चलाई गई है।

## चातुर्मास सिर्फ परंपरा नहीं बल्कि साधना की जीवनशैली : सुवृद्धि

*एसएस जैन स्थानक में चातुर्मास संपन्न समारोह में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़*



**अंबाला।** समारोह के दौरान मौजूद जैन साध्वियां व श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना**

एसएस जैन स्थानक में चातुर्मास हेतु विराजमान साध्वी रत्ना सुवृद्धि एवं साध्वी सात्विक के पावन सान्निध्य में चातुर्मास संपन्न समारोह श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। चातुर्मास संपन्न के अवसर पर सुबह 6 बजे से लगातार 24 घंटे तक नमोकार महामंत्र का अखंड जाप आरंभ किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने गहरी श्रद्धा और भक्ति के साथ सहभागिता निभाई। साध्वी रत्ना सुवृद्धि जी अपने प्रवचन में कहा कि चातुर्मास आत्मिक साधना, संयम और आत्मचिंतन का श्रेष्ठ पर्व है। इस दौरान व्यक्ति अपने अंदर की अशुद्धियों को दूर कर आत्मबल और शांति की अनुभूति प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म का मूल सार अहिंसा, संयम और करुणा है जिसे जीवन में अपनाकर मनुष्य स्वयं भी शांति पाता है और समाज में भी सुख-समन्वय का वातावरण बनता है। साध्वी सात्विक ने अपने उपदेश में कहा कि चातुर्मास सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि आत्मानुशासन और साधना की जीवनशैली है। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म का अर्थ केवल पूजा भर नहीं, बल्कि व्यवहार में विनम्रता, सत्य, शुद्ध आचरण और परस्पर सद्भाव रखना भी धर्म ही है। समारोह में उपस्थित सभी तपस्वी श्रद्धालुओं एवं गणमान्य व्यक्तियों का जैन सभा की ओर से सम्मान किया गया। साध्वी रत्ना सुवृद्धि एवं साध्वी सात्विक ने चातुर्मास के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा लिए गए धर्मलाभ, तपस्या और सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक मंगल पाठ के साथ समारोह का समापन हुआ।

**सुविधा** | पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि ने सभी योजनाओं का किया शुभारंभ

# डेढ़ करोड़ की लागत से विकास योजनाओं का शुभारंभ, कई वार्डों के लोगों को मिलेगा फायदा

- वार्ड में लंबे समय से लंबित समस्याओं का समाधान हो रहा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

पूर्व मंत्री असीम गोयल के निरंतर प्रयासों से अंबाला शहर विधानसभा में विकास योजनाओं की झड़ी लग रही है। बुधवार को वार्ड नंबर 7 में करीब 90 लाख रुपये से अधिक की लागत से विकास कार्यों की शुरुआत की गई।

इन कार्यों का शुभारंभ असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल और स्थानीय निगम सदस्य मोनिका मल ने संयुक्त रूप से विधिवत रूप से किया। इस मौके पर रितेश गोयल ने सभी क्षेत्रवासियों को गुरुपर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि असीम गोयल का लक्ष्य अंबाला शहर के हर वार्ड में संतुलित और तेज़ विकास कराना है। निगम सदस्य मोनिका मल ने विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए पूर्व मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके मार्गदर्शन में वार्ड में लंबे समय से लंबित समस्याओं का समाधान हो रहा है



**अंबाला।** वार्ड नंबर 5 में विकास योजनाओं के शुभारंभ पर पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि का अभिनंदन करते डिप्टी मेयर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**50 लाख से होने वाले कार्य शुरू :** अंबाला शहर में चल रहे विकास कार्यों को नई गति देते हुए पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयासों से वार्ड नंबर 5 में भी 50 लाख रुपये से अधिक की लागत से विकास कार्यों की शुरुआत की गई।

प्रतिनिधि रितेश गोयल और डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने इन कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय मौजूद रहे। मौके पर उपस्थित लोगों और नेताओं ने विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि असीम गोयल के सतत प्रयासों से अंबाला शहर में विकास की रफ्तार लगातार बढ़ रही है और शहर के हर वार्ड में समान रूप से कार्य किए जा रहे हैं।

इस दौरान भाजपा के मंडल अध्यक्ष अमन सूद,मनीष आंनद, निगम सदस्य मोनिका मल,हितेश जैन,रूबी सौदा,यतिन बंसल, योगेश साहनी,यशपाल चौधरी,भाजपा नेता संजीव गोयल टोनी,रविंद्र गुप्ता,राजेश गोयल,टिंकू विज,चंद्रमोहन फौजी,टीपी सिंह,बंसी लाल कपूर,रमन सैनी,आशु सैनी,मनीष मल भी मौजूद रहे।

### 12 लाख से गलियां होगी चकाचक

2 दिन पहले पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल द्वारा एक साथ 53 विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया था। उन्हें अब जमीन पर उतारने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। सुबह वार्ड 7 और उसके बाद वार्ड 5 में विकास के कार्य शुरू करवाए गए तो अब वार्ड 14 में भी करीब 12 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों को शुरू करवाया गया। गौरतलब है कि असीम गोयल ने निगम अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि 10 दिन के अंदर अंदर सभी वार्डों के काम शुरू कर दिए जाने चाहिए।